स्व.श्री किशोरमल डागा
जोधपुर

स्व. श्री बी.एल. खिंवसरा
कोलकाता

प्रो. (डॉ.) सोहनराज तातेड़
जोधपुर

श्री नगराज मेहता
जोधपुर



श्री एम.एम. सिंघी
अहमदाबाद

श्री महावीर कास्टिया
जोधपुर

ओसवाल रत्न : प्रो. (डॉ.) सोहनराज तातेड़- जोधपुर : स्वर्णिम पहाड़ियों से घिरी मालाणी की राजधानी जसोल नगरी में श्रीमान् मुलतानमल तातेड़ के गृह आंगन में श्रीमती चम्पादेवी तातेड़ की कुक्षी से 5 जुलाई 1947 को जन्में **श्री सोहनराज तातेड़** ने बी.ई. (मैके.), एम.ई. (पी.एच.), एम.ए. (दर्शन), एम.ए. (शिक्षा), पी.एच.डी., डी.लिट (शिक्षा), डी.लिट (दर्शन), डी.एस.सी. (योग) की शिक्षा प्राप्त की । आपका पाणिग्रहण संस्कार श्रीमती लक्ष्मीदेवी के संग सम्पन्न हुआ । सिंघानिया विश्वविद्यालय के कुलपति एवं जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय लाडनूं के मानद सलाहकार पद पर सेवायें देने वाले प्रो. (डॉ.) सोहनराज तातेड़ इस समय ट्रीनिटी वर्ल्ड वि.वि. (यू.के.), एन.ए.आई. (यू.एस.ए.) वि.वि., जगन्नाथ वि.वि. ढाका (बंगलादेश) जोधपुर राष्ट्रीय वि.वि. जोधपुर एवं सिंघानिय विश्वविद्यालय (पचेरी बड़ी–झुंझुनूं) के संरक्षक प्रोफेसर भी है । आप दर्शन, योग एवं शिक्षा विषयों में अंतर्राष्ट्रीय एवं भारतीय विश्वविद्यालयों में पंजीकृत पी.एच.डी. शोध निर्देशक है । आप राज्य सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग में 30 वर्षों तक सेवा देकर अधीक्षण अभियन्ता पद से स्वेच्छापूर्वक निवृत्ति लेकर वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे है । आप भारत एवं विश्व की करीब 50 शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं में एसोसियेट सदस्य, संरक्षक एवं आजीवन सदस्य है । प्रो. तातेड़ जापान, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान आदि देशों की यात्रा कर चुके है ।

जाने माने विद्वान प्रो. (डॉ.) सोहनराज तातेड़ की दर्शन, योग एवं शिक्षा विषय पर 65 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है तथा 15 पुस्तकें प्रकाशनाधीन है । आपके 70 से अधिक शोध पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है तथा 100 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में पढ़ाये जा रहे है। आपने 60 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों–कार्यशालाओं में भाग लेकर अपने शोध पत्र एवं व्याख्यान दिये है । आप इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय एकता अवार्ड, समाज भूषण, युवक रत्न, जैन ज्ञान–विज्ञान मनीषी, भारत एक्सीलेन्सी अवार्ड, महर्षि पतंजली अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड, भारत–भूटान मैत्री, राजीव गांधी एवार्ड, इन्डो–नेपाल हारमोनी, प्राकृतिक चिकित्सा रत्न, योग रत्न आदि राष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत हो चुके है । गत वर्ष आपको ऑल इंडिया इकोनॉमी सर्वे अवार्ड कौंसिल, नई दिल्ली की ओर से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा के लिये 'शाइनिंग इमेज ऑफ इंडिया' तथा समाज सेवा के लिये 'सेवा चक्र' के साथ–साथ लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2014, मदर टरेसा अवार्ड 2014 आदि से सम्मानित किया गया । आप पर्यूषण महापर्व पर साधु संतों से वंचित क्षेत्र में स्वाध्यायी के रूप में सेवायें देते है ।

ओसवाल महिमा परिवार ओसवाल रत्न प्रो. (डॉ.) सोहनराज तातेड़ का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए सुखद स्वास्थ्य, यशस्वी जीवन, प्रगति एवं समृद्धि, चिरायु–दीर्घायु होने की मंगल कामना करता है ।

रजिस्ट्रशन ऑफ न्यूजपेपर (सेन्टल रूल्स 1956 के अन्तर्गत)

ओसवाल महिमा के संबंध
में स्वामित्व एवं अन्य विवरण विषयक जानकारी ।

1	प्रकाशन स्थल	: जोधपुर
2	प्रकाशन अवधि	: मासिक
3	मुद्रक का नाम नागरिक, पता	: नाकोड़ा कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स भारतीय, 12 बेसमेन्ट, अमरदीप सरदारपुरा 'बी' रोड़, जोधपुर 342 003
4	प्रकाशक का नाम नागरिक, पता	: चंचलकुमारी डागा भारतीय, कल्पतरू, किशोरपथ, 2डी एण्ड ई, पोकरण हाऊस जोधपुर (राज.) 342 001
5	सम्पादक का नाम नागरिकता, पता	: चंचलकुमारी डागा भारतीय, कल्पतरू, किशोरपथ, 2डी एण्ड ई, पोकरण हाऊस जोधपुर (राज.) 342 001
6	स्वामित्व का नाम नागरिकता, पता	: चंचलकुमारी डागा भारतीय, कल्पतरू, किशोरपथ, 2डी एण्ड ई, पोकरण हाऊस जोधपुर (राज.) 342 001

मैं चंचल कुमारी डागा एतद् द्वारा घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है ।

जोधपुर
01 मार्च 2015

चंचलकुमारी डागा
प्रकाशक

स्वागत है नये आजीवन सदस्यों का

◆ **श्री विनोद बाफना**
दर्शन बंगलो, प्लॉट नं. 2, रोड नं. 5
सेक्टर नं.1, न्यू पनवेल 410206 (जिला रायगढ महा)